समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# भारत के एयर स्ट्राइक से डरा पाकिस्तान मे ये खिलाड़ी, कहा- दोनों के बीच जल्द..

Publisher Published on 07 May 2025

## मंगलवार रात भारत ने पाकिस्तान मे आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की. इसके बाद PSL 2025 (पाकिस्तान सुपर लीग) मे खेल रहे इंग्लैडं के खिलाड़ी ने ट्वीट किया.

भारतीय सेना ने मंगलवार रात को पाकिस्तान और पीओके में कुल 9 आतंकी ठिकानों पर हवाई हमला किया. इस एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान सुपर लीग में खेल रहे इंग्लैंड के सैम बिलिंग्स का ट्वीट वायरल हो रहा है.

इस एयर स्ट्राइक में पाकिस्तान के 4 और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के 5 ठिकानों को टारगेट किया गया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकी साजिश रची जा रही थी और इसे अंजाम दिया जा रहा था. पहलगाम हमले में आतंकवादियों ने 25 पर्यटकों समेत कुल 26 लोगों को मार दिया था, इस हमले में आतंकवादियों के तार पाकिस्तान से जुड़े थे. सैम बिलिंग अभी पाकिस्तान में हैं, जहां वह पीएसएल में खेल रहे हैं. उन्होंने इसको लेकर ट्वीट किया.

ऑपरेशन सिंदूर के बाद बिलिंग्स का ट्वीट
किस्तान सुपर लीग में खेल रहे इंग्लिश खिलाड़ी सैम बिलिंग्स ने ट्वीट करते हुए लिखा, “प्रार्थना कर रहा हूं कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जल्द से जल्द कम हो.”

आपको बता दें कि बिलिंग्स लाहौर कलंदर्स टीम का हिस्सा हैं, जिसने अभी तक खेले 9 मैचों में से 4 जीते हैं और 4 हारे हैं जबकि टीम का एक मैच रद्द हुआ है. अब लीग स्टेज में टीम का आखिरी मैच 9 मई को पेशावर जाल्मी के साथ है.

सैम बिलिंग्स से कुछ दिन पहले पूछा गया था कि IPL और PSL में कौन सी लीग बेहतर है तो उन्होंने आईपीएल का नाम लिया था. उन्होंने कहा था कि आईपीएल के आगे पीएसएल क्या, कोई भी टी20 लीग नहीं टिकती.

पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक
भारत ने पाकिस्तान में बने आतंकी संगठनों के ठिकानों को निशाना बनाते हुए एयर स्ट्राइक की. भारतीय रक्षा मंत्रालय की तरफ से स्पष्ट किया गया कि ये हमला बिलकुल भी उकसाने वाला नहीं है, किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को टारगेट नहीं किया गया है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.